# आचारसंहिता मार्गदर्शन

RHI MAGNESITA



# विषय सूची


| | |
|---|---|
| प्रस्तावना | 03 |
| हमारी आचरण संहिता एक नजर में | 04 |
| नैतिक आचरण के सिद्धान्त | 05 |
| मानव एवं श्रम अधिकार | 06 |
| स्वास्थ्य और सुरक्षा | 07 |
| पर्यावरण की सुरक्षा | 08 |
| घूसखोरी और भ्रष्टाचार | 08 |
| उपहार एवं आमंत्रण | 09 |
| हमारे समुदाय | 10 |
| हितों का टकराव | 11 |
| विश्वास विरोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा | 12 |
| प्रतिबंध और नियंत्रण विनियम | 12 |
| बाजार में दुरुपयोग और अंदर की जानकारी | 13 |
| डेटा सुरक्षा और गोपनीयता | 13 |
| जानकारी की सुरक्षा | 14 |
| बौद्धिक संपदा | 14 |
| RHI Magnesita संसाधन | 15 |
| आंतरिक और बाहरी संचार | 15 |
| प्रयोजनीयता और क्रियान्वयन | 16 |
| प्रश्न और सहायता | 17 |
| रिपोर्ट और शिकायतें - RHI Magnesita Compliance Helpline | 18 |

# प्रस्तावना

RHI Magnesita[1] अपने कर्मठ कर्मचारियों द्वारा दी जाने वाली समर्पित सेवाओं और उत्पादों के लिए जानी जाती है लेकिन यह अकेले ही काफी नहीं है, सतत प्रगति हासिल करने के लिए हम जवाबदेह प्रबन्धन को लेकर प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य केवल प्रासंगिक कानूनों का अनुपालन करके जोखिम में कमी लाना नहीं है बल्कि उससे भी आगे जाकर RHI Magnesita और अपने सभी हितधारकों के लिए नैतिक रूप से उचित प्रक्रियाओं का पालन करना है । अखंडता, इमानदारी, विश्वसनीयता के साथ ही कर्मचारियों और व्यवसायिक साझेदारों के साथ सम्मानजनक संपर्क बनाना हमारी दैनिक गतिविधियों का आधार है। हमारे ग्राहक, साझेदार, निवेशक और आम जनता हम पर जो भरोसा और विंवास रखती है उसके लिए हमारी उपलब्धियां और हमारे मूल्य, दोनों ही आवश्यक हैं, जिनसे हम सफलता की ओर अग्रसर होते हैं।

इस आचार संहिता का लक्ष्य हमारे मूल्यों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देना है, जिसके परिणामस्वरूप, कानूनी और नैतिक रूप से मूलभूत नियमों की जानकारी देना है, जो हम सभी के लिए बिना प्रमाण स्पष्ट होने चाहिए।

हमारा लक्ष्य यह है कि हम अपने दैनिक कार्य में इन मूल्यों और नियमों का पालन करें, इन्हें अंगीकृत करें और इन्हें लागू करें।

RHI Magnesita की कार्यकारी प्रबन्धन टीम, इस आचार संहिता का पूरा अनुमोदन करती है और अपने हस्ताक्षर और अपनी कार्यवाहियों के माध्यम से इसके मूल्यों और दृष्टिकोणों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करती है। हम आशा करते हैं कि RHI Magnesita के कर्मचारी और प्रबन्धक आचार संहिता का अनुसरण करेंगे।

इसी तरह हम अपने व्यवसायिक साझेदारों से भी अपेक्षा करते हैं और उन्हें कारपोरेट जिम्मेदारी और अनुपालन के एसे ही उच्च मानक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

[1]RHI Magnesita कंपनियों का समूह है जिसमें RHI Magnesita N.V .और इसकी सहायक कंपनियाँ शामिल हैं।



**Stefan Borgas**
Chief Executive Officer



**Ian Botha**
Chief Financial Officer



**Gustavo Franco**
Chief Customer Officer



**Rajah Jayendran**
Chief Technology Officer



**Ticiana Kobel**
Executive Vice President,
Legal & Digital Transformation



**Simone Oremovic**
Executive Vice President,
People, Projects,
Integrations & Recycling




**Constantin Beelitz**
Regional President
Europe & CIS



**Marco Olszewsky**
Regional President
China & East Asia



**Craig Powell**
Regional President
North America



**Parmod Sagar**
Regional President
India



**Wagner Mariano Sampaio**
Regional President
Latin America



**Hakimuddin Ali**
Regional President
Middle East, Türkiye &
Africa (META)



# हमारी आचरण संहिता एक नजर में

- हम नीतिपरक व्यावसायिक सिद्धांतों का पालन करते हैं, और अपने व्यवसाय का संचालन सम्मान और प्रोत्साहन इमानदारी और अखंडता, विश्वसनीयता और उत्तरदायित्व के साथ करते हैं।
- हम व्यवसाय को निजी हितों से अलग रखते है और हितों के टकराव से बचते हैं।
- हमारा लक्ष्य एसी सामाजिक परियोजनाओ का निरंतर विकास और क्रियान्वयन है जो हमारे समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं और पारस्परिक मूल्य उत्पन्न करते हैं।
- हम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने व्यवसाय का संचालन एकाधिकारी व्यापार विरोधी कानूनों और प्रतिस्पर्धा कानूनों के पूर्ण अनुपालनके साथ करते हैं।
- हम सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण को अपने कर्मचारियों का मूलभूत अधिकार मानते हैं।
- हम आपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियों के विरूद्ध संघर्ष का समर्थन करते हैं और लागू प्रतिबंधों, निर्यात नियंत्रण एवं हवाला कारोबार विरोधी नियमों का अनुपालन करते हैं।
- हम पर्यावरण की सुरक्षा और स्थायी प्रबन्धन में सक्रिय रूप से सहभागिता करते हैं।
- हम वित्तीय बाजारों की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए भेदिया व्यापार और बाजार के दुरूपयोग के अन्य प्रारूपों से बचने के लिए कदम उठाते हैं।
- हम सही और उचित व्यवसाय करते है भ्रष्ट आचरण के लिए शून्य सहनशीलता रखते हैं।
- हम निजता के अधिकार एवं अन्य डेटा सुरक्षा सिद्धांतों का सम्मान करते हैं और केवल सीमित उद्देश्यों के लिए ही निजी डेटा संसाधित करते हैं।
- उपहार और आमंत्रण व्यावसायिक साझेदारों के लिए प्रोत्साहन एवं सम्मान की अभिव्यक्ति हो सकते हैं लेकिन हम अनुचित प्रभाव के किसी भी दुव्यर्वहार को सहन नहीं करते हैं।
- हम बौद्धिक संपदा, व्यापार रहस्यों और कॉपीराइट का सम्मान और उनकी सुरक्षा करते हैं और एसी संपदाओं का उपयोग निर्दिष्ट उपयोग की शर्तों के अनुसार ही करते हैं।
- हम जहाँ व्यवसाय का संचालन करते हैं वहाँ के क्षेत्रीय समुदायों के उत्थान में योगदान देकर या प्रायोजन के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हैं।
- RHI Magnesita और उसके संसाधनों को चोरी और धोखा से बचाना और वित्तीय एवं अन्य प्रतिवेदनों में सत्य एवं निष्पक्ष प्रस्तुतिकरण देना हमारा कर्त्तव्य है।
- हम प्रयुक्त प्रारूप और माध्यम पर ध्यान दिए बिना, इमानदारी और सम्मानजनक तरीके से आंतरित और बाह्य संचार करते हैं।
- हम इस आचार संहिता के साथ ही लागू कानूनों, बाहरी अथवा आंतरिक विनियमों के उल्लंघन पर समर्थन प्रदान करते हैं और किसी भी दुराचार से बचने या उन्हें रोकने के लिए तुरंत कदम उठाते हैं।

# नैतिक आचरण के सिद्धांत

**हमारे प्रमुख दस्तावेज**
आपूर्तिकर्ता आचारसंहिता

हम अपने प्रबन्धकों, कर्मचारियों और अनुबंधित कर्मियों से अपेक्षा रखते हैं कि वे हमारे व्यवसाय का संचालन सम्मान और प्रोत्साहन, इमानदारी और अखंडता, विश्वसनीयता और उत्तरदायित्व के साथ करेंगे।

जिन देशों में हम व्यवसाय का संचालन करते है वहाँ लागू कानूनों का पूर्णतया अनुपालन करना निश्चित ही महत्वपूर्ण विषय है और इसके बारे में कहने की आवश्यकता नहीं है। RHI Magnesita संयुक्त राष्ट्र वैश्विक प्रभाव के सिद्धांतों और जिन दस्तावेजों पर वह आधारित है जैसे कि कार्यस्थल में बुनियादी सिद्धांतों एवं अधिकारों अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के घोषणापत्र पर्यावरण एवं विकास पर RIO के घोषणापत्र भ्रष्टाचार के विरूद्ध संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन या संयुक्त वैश्ाविक, मानवधिकार घोषणापत्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हम आपूर्ति श्रृंखला में अपने व्यवसायिक साझेदारों से भी यही अपेक्षा करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करते हैं कि वे हमारे उदाहरणों का अनुसरण करेंगे, और हमारी आपूर्तिकर्ता आचारसंहिता में वर्णित सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे।






# मानव एवं श्रम अधिकार

**हमारे प्रमुख दस्तावेज**
- मानवाधिकार नीति
- भेदभावरोधी और उत्पीड़न रोधी नीति,
- विविधता राजपत्र,
- और दासता रोधी कथन

RHI Magnesita में, हमारा दृढ़ विश्वास है कि मानव एवं नागरिक अधिकारों का सम्मान करना हमारे सम्पूर्ण समाज का आधार होना चाहिए। मानवाधिकारों के प्रति हमारा दृष्टिकोण अंतर्राष्ट्रीय रूप से मान्यताप्राप्त सिद्धांतों के अनुरूप है तथा UK के आधुनिक दासता कानून 2015 जैसों की कानूनी अपेक्षाओं को ध्यान में रखता है। हम मानव तस्करी, बलपूर्वक अनिवार्य या बाल श्रम, जाति, रंग, क्षेत्र, लिंग, आयु, मूल, राष्ट्रीयता,  अक्षमता, यौन अभिविनियम अथवा किसी भी अन्य आधार पर आधारित भेदभाव किसी भी प्रकार के (यौन) उत्पीड़न, अपमान, गुस्से पीड़ाकारक या अनुचित व्यवहारों को अस्वीकार करते हैं और हम उन्हें सहन नहीं करते हैं।

हम रोजगार संबंधी सभी निर्णयों जैसे की भर्ती, पदोन्नति, प्रशिक्षण एवं विकास, क्षतिपूर्ति और रोजगार की प्राप्ति में समान अवसर देना और उनके लिए उचित व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और हम स्थानीय कानूनों के अनुसार सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की मान्यता और संगठित होने की स्वतंत्रता के साथ ही लागू श्रम कानूनों एवं सामाजिक कानूनों का अनुपालन करते हैं।



**हमारी प्रमुख नीति**
गुणवत्ता, स्वास्थ्य और सुरक्षा, ऊर्जा और पर्यावरण (IMS) नीति

# स्वास्थ्य और सुरक्षा

RHI Magnesita में हम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को अपनी कॉरपोरेट संस्कृति का एक अभिन्न भाग, न कि केवल एक कानूनी कर्तव्य मानते हैं। स्वस्थ, सुरक्षित, प्रसन्न प्रेरित और प्रतिबद्ध कर्मचारी हमारे व्यवसाय की दीर्घकालीन सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

हमने दुनियाभर में फैले अपने सभी संसाधनों में व्यापक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीतियां और कार्यविधियों के साथ ही नियमित निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यान्वित किए हैं।

प्रत्येक कर्मचारी को व्यवसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के क्रियान्वयन के उत्तरदायित्व का वहन करना आवश्यक है।

किसी (उत्पादन) स्थान पर दुर्घटना या आपात स्थिति होने पर व्यक्तिगत चोट लगने, पर्यावरण या साख संपत्ति को क्षति पहुंचने का जोखिम होता है और इससे RHI Magnesita की साख को नुकसान हो सकता है, खासकर जब कोइ उचित प्रतिउत्तर न मिले।

हमारे कार्य स्थल पर प्रबन्धक हमारी वैश्विक और स्थानीय आपदा एवं आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार घटना पर उपयुक्त और तुरंत प्रति उत्तर, साथ ही साथ हमारे स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली और प्रदर्शन में निरंतर बेहतरी के लिए उत्तरदायी होते हैं। वे यह भी सुनिश्चित करते हैं कि सभी प्रासंगिक व्यक्ति इन प्रक्रियाओं से अवगत हैं और उन्हें समय पर प्रशिक्षण मिलता है।





# पर्यावरण की सुरक्षा

RHI Magnesita में नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव से बचाव से संबंधित अन्य कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करना एक महत्वपूर्ण विषय है। चूंकि दुर्दमय् उत्पादों के उत्पादन के दौरान स्वाभाविक रूप से बहुत ज्यादा ऊर्जा की खपत होती है और उत्सर्जन होता है, फिर भी हम अपने संचालनों के नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभावों को न्यूनतम करने के लिए पर्यावरण संरक्षण और स्थाइ प्रबन्धन में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। हम ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के संबंध में यथासंभव सावधानीपूर्वक बेहतरीन प्रयास करते हैं, और हम नए उत्पादों के विकास और मौजूदा उत्पादों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में अवशिष्ट सामग्री के रिसाइक्लिंग के पहलू पर विशेष ध्यान देते हैं।

आंतरिक एवं बाहरी विशेषज्ञों के वैश्विक सहयोग के द्वारा हमारी नियमित समीक्षाओं और आकलनों के अधीन, कच्चे माल और योजकों का उपयोग पारिस्थितिक मानदंड के अनुसार किया जाता है और उनके संभावित नकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव को न्यूनतम किया जाता है जो कि हमारी सतत बेहतर करने की प्रक्रिया का भाग है जो कि नियमित आकलन तथा पुनर्विलोकन का विषय है।

**हमारे प्रमुख दस्तावेज**
भ्रष्टाचार रोधी नीति

# घूसखोरी और भ्रष्टाचार

RHI Magnesita सही और उचित व्यवसायिक आचरण पर दृढ़ रहता है ओर केवल अपने कर्मियों की विशेषज्ञता और अपने उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता पर ही सफलता प्राप्त करता है। इसलिए यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि हम रिश्वत या भ्रष्टाचार को किसी भी रूप में सहन नहीं करते हैं और यह कि हम लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं, विशेषकर UK रिश्वत अधिनियम और US विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

रिश्वत में न केवल नकद भुगतान बल्कि अनेकों प्रकार शामिल होते हैं, उदाहरण के लिए जाली खातों या शेल कंपनियों में धन स्थानांतरित करना, नकली या अत्याधिक बढ़ाए गए बिलों का भुगतान करना, महंगी छूट या कमीशन प्रदान करना, मूल्यवान उपहार और उदार निमंत्रण देना, निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराना या नौकरी के प्रस्ताव देने की व्यवस्था करना।

हमारे सभी कर्मचारियों, अनुबंधकर्ताओं और RHI Magnesita की ओर से कार्य करने वाले अन्य कर्मियों के लिए कोइ भी गैर कानूनी प्रतिफल प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी लाभ का प्रस्ताव देना, वादा करना या प्रदान करना सख्त प्रतिबंधित है। इसीलिए किसी गैरकानूनी प्रतिफल के प्रावधान के लिए, स्वयं के वास्ते या किसी तृतीय पक्ष के लिए, लाभ की मांग करना या उसे स्वीकार करना प्रतिबंधित है, यहाँ तक कि किसी भी अनुचित प्रभाव के प्रदर्शन मात्र से भी बचा जाना चाहिए।

रिश्वत का अपराध केवल राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों या कुछ देशों तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह निजी क्षेत्र के और विश्व भर के सभी देशों के व्यवसायिक साझेदारों पर भी लागू होता है, भले ही वह प्रत्यक्ष रूप से नहीं, बल्कि तृतीय-पक्ष मध्यस्थों के माध्यम से किया गया हो।

इस प्रतिबंध में सुविधाओं के भुगतान भी शामिल हैं। भले ही कुछ क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत उनकी अनुमति हो सकती है, ये आमतौर पर किसी नियमित सरकारी कार्यवाही को गति देने या उसे सुरक्षित करने के लिए दी जाने वाली छोटी-छोटी राशियां होती है। उदाहरण के लिए परमिट या लाइसेंस प्राप्त करना, सरकारी कागज जैसे कि वीजा और कार्य आदेश संसाधित करना, फोन, ऊर्जा एवं जल सेवा उपलब्ध कराना, पुलिस सुरक्षा या इसी प्रकृति की अन्य कार्यवाहियां।



# उपहार एवं आमंत्रण

हमारे प्रमुख दस्तावेज
उपहार और आमंत्रण मार्गदर्शन

व्यवसायिक समुदाय में प्रोत्साहन एवं व्यावसायिक साझेदारों के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति के रूप में आमतौर पर स्वीकार किए जाने वाले प्रतीकमात्र मूल्य के उपहार या सत्कार की यथोचित सीमा में वितरित या स्वीकार किए जाने वाले आमंत्रणों को आपत्तिजनक नहीं माना जा सकता है पर वे हमारे कॉरपोरेट मूल्यों के अधीन हो सकते हैं।
प्रतीक-मात्र मूल्य से अधिक के आमंत्रणों और उपहारों के लिए हमारे मार्गदर्शन और आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार अग्रिम स्वीकृति आवश्यक है भले ही उन्हें दिया जाना हो या स्वीकार किया जाना हो।

कइ क्षेत्रों में सरकारी अधिकारियों और संघीय, क्षेत्रीय या स्थानीय प्राधिकरणों के कर्मचारियों अथवा सरकारी-क्षेत्र के संसाधनों के कर्मचारियों पर सख्त नियम लागू होते हैं। एसी स्थितियों में हम अग्रिम रूप से यथार्थता को सुनिश्चित करते हैं और संदेह होने पर कोइ भी लाभ प्रदान करने से बचते हैं।

किसी भी स्थिति में एसे आमंत्रण या उपहार प्रतिबंधित हैं जिनका व्यावसायिक निर्णयों या आधिकारिक कार्यवाहियों पर प्रभाव पड़ सकता है जैसे कि कोइ ठेका या सरकारी अनुमति जारी करना, या जिसे भेदभावपूर्ण अथवा गैर ख्यातियोग्य माना जा सकता है या जिससे अन्यथा बेइमानी या अनैतिक होने की झलक मिलती है चाहे उन्हें सक्रिय रूप से दिया गया हो या निष्क्रिय रूप से स्वीकार किया गया हो।



# हमारे समुदाय

हमारे प्रमुख दस्तावेज
समुदाय निवेश मार्गदर्शन

RHI Magnesita उन समुदायों का एक अभिन्न हिस्सा होने के लिए प्रयास करता है जिनके बीच हम संचालन करते हैं। हम एसी सामाजिक परियोजनाएँ विकसित और क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे समुदायों में सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। हम स्वयंसेवा और समुदाय कार्य में कर्मचारियों की संलिप्तता को प्रोत्साहित करते हैं।

हम नियमित रूप से अपने हिस्सेदारों को काम पर लगाते हैं और उनके साथ परामर्श करते हैं, उनकी रुचियों और चिंताओं को समझने की कोशिश करते हैं, और इस प्रकार प्राथमिकता के क्षेत्रों की पहचान करते हैं। हम स्थानीय NGOs के साथ भागीदारी की कोशिश करते हैं ताकि सामूहिक प्रयास करके अपने उपक्रमों के लिए एक मजबूत संरचना बनाएँ, और इस प्रकार एक दीर्घकालिक, स्थायी प्रभाव डालें।

समुदाय निवेश (दान, सामाजिक परियोजनाएँ) और प्रायोजनों के साथ ही स्वैच्छिक लाभ हमारी व्यवसायिक गतिविधियों से अलग रहकर किए जाने चाहिए। जिनका किसी व्यवसायिक लेन-देन और दान या प्रायोजन के लाभार्थियों के बीच कोइ सहसंबंध नहीं होना चाहिए।

समुदाय निवेश स्वैच्छिक रूप से बिना किसी स्वार्थ और बिना किसी प्रतिफल के दिए जाने चाहिए। वहीं दूसरी और प्रायोजन विपणन और सार्वजनिक गतिविधियों के लिए प्रायोजन, प्रायोजित व्यक्ति या संगठन का उपयोग करने के अधिकार के बदले में किया जाता है। दोनों ही मामलों में धन के आवंटन के लिए हमारी आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार उचित स्वीकृति और पारदर्शी दस्तावेज़ होना आवश्यक है।

राजनीतिक संगठनों या व्यक्तियों प्राधिकरणों एवं नागरिक सेवकों राजनीतिक संगठनों या व्यक्तियों प्राधिकरणों एवं नागरिक सेवकों के लिए योगदान देने की अनुमति नहीं है। RHI Magnesita के मूल्यों का अनुपालन नहीं करने वाले योगदानों साथ ही साथ किसी व्यावसायिक या सरकारी निर्णय को प्रभावित करने में उपयोग हो सकने वाले या लागू कानूनों का उल्लंघन करने वाले योगदानों की सख्त मनाही है।



**हमारे प्रमुख दस्तावेज**
हितों का टकराव मार्गदर्शन

# हितों का टकराव

हम जो भी व्यावसायिक निर्णय लेते हैं और उसकी जो परिणामी क्रिया होती है उसमें RHI Magnesita के हित शामिल होना चाहिए और उस पर हमारे व्यक्तिगत हितों या संबंधों का प्रभाव नहीं होना चाहिए। इसीलिए हम शुरूआत में ही समझौता करने वाली परिस्थितियों से बचते हैं।

सहायक गतिविधियों की अनुमति नहीं है यदि उनके कारण RHI Magnesita से हितों का टकराव होता है या प्रतिस्पर्धा परिस्थिति बनती है या RHI Magnesita में कार्य क्षमता प्रभावित होती है। यह किसी अन्य नियोक्ता के यहाँ नौकरी, स्वयं-रोजगार के साथ ही स्वैच्छिक सेवाएं तथा अन्य अवैतनिक गतिविधियों पर भी लागू होती है।

RHI Magnesita के कर्मचारियों को अपनी स्वयं की कंपनी चलाने, किसी एसी कम्पनी के बोर्ड में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित रखने, किसी कार्यकारी पद पर रहने की अनुमति नहीं है जिसका RHI Magnesita के साथ कोइ व्यावसायिक या प्रतिस्पर्धी संबंध हो।

RHI Magnesita के बोर्ड के सदस्यों, कार्यकारी प्रबन्धन टीम या क्षेत्रीय नेतृत्व टीम के रिश्तेदारों को RHI Magnesita में नौकरी पर नहीं रखा जाएगा और न ही उनका कंपनी के साथ परामर्श सेवा जैसा कोइ व्यावसायिक संबंध होगा। कर्मचारियों के रिश्तेदारों को किसी एसी संगठनात्मक स्थिति में नौकरी नहीं दी जाएगी जिससे कोइ पदानुक्रमिक या वास्तविक निर्भरता या शामिल व्यक्तियों के बीच अधीनता निर्मित होती हो।

उपरोक्त उल्लेखित नियमों में छूट असाधारण परिस्थितियों में ही दी जा सकती है और उसके लिए हमारे मार्गदर्शन और आंतरिक प्रक्रियाओं के अनुसार प्रकटीकरण और अग्रिम स्वीकृति की आवश्यकता होगी।



# विश्वास विरोधी और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

**हमारे प्रमुख दस्तावेज**
एकाधिकारी व्यापार रोधी और न्यायसंगत प्रतिस्पर्धा नीति

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विनियम सुनिश्चित करते हैं कि बाजारों में उचित प्रतिस्पर्धा हो और कोइ भी प्रतिभागी किसी भी अनुबंध या आपसी समझदारी से प्रतिस्पर्धाओं से कोइ अनुचित लाभ प्राप्त न करें।

RHI Magnesita उचित प्रतिस्पर्धा करने और अखंडता के साथ व्यवसाय संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सभी प्रासंगिक क्षेत्रों में लागू विश्वास विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का अनुपालन करते हैं जैसे कि बिक्री एवं विपणन, खरीदारी, उत्पादन अथवा शोध एवं विकास।

इसलिए प्रतिस्पर्धा को कम करने या बाधित करने ने वाली कोइ भी गतिविधि प्रतिबंधित है। इसमें ये शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं

- प्रतिस्पर्धाओं के साथ मूल्यों, नियमों और शर्तों, उत्पाद अथवा बिक्री की लागतों और मात्राओं, बिक्री रणनीतियों, ग्राहकों या बाजारों के विभाजन, उत्पादों एवं सेवाओं के गैर प्रावधान को लेकर उनसे अनुबंध करना, उचित व्यवहार करना या जानकारी का आदान-प्रदान करना।
- काल्पनिक प्रस्तावों का प्रावधान करना, ग्राहकों या आपूतिकर्ताओं के बीच भेदभाव करना, औद्योगिक जासूसी, चोरी छिपकर बातें सुनना, या अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के माध्यम से प्रतिस्पर्धी की जानकारी प्राप्त करना, या प्रतिस्पर्धियों के बारे में जान-बूझकर गलत जानकारी फैलाना।
- पुनर्विक्रेताओं के साथ पुनबिक्री मूल्य या रणनीतियां और विशिष्ट व्यवस्थाओं के निश्चित प्रारूपों को लेकर निर्धारण करना।

# प्रतिबंध और नियंत्रण विनियम

**हमारे प्रमुख दस्तावेज**
- प्रतिबंध, निर्यात नियंत्रण और व्यावसायिक भागीदार ड्यू डिलिजेंस नीति
- प्रतिबंध, निर्यात नियंत्रण और व्यावसायिक भागीदार ड्यू डिलिजेंस दिशानिर्देश

कइ देशों, और संयुक्त राष्ट्र या यूरोपीय संघ जैसे सुपरनैशनल निकायों ने आतंकवाद, मानवाधिकारों के उल्लंघन, मानव और मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध और मनी लॉन्ड्रिंग के खिलाफ लड़ने के लिए कानून और नियम बनाए हैं। वे देशों, संगठनों, कंपनियों और व्यक्तियों के खिलाफ कइ प्रतिबंध लगाते हैं, विशेष वस्तुओं और प्रौद्योगिकियों के लिए आयात और निर्यात प्रतिबंध, साथ ही कुछ सेवाओं और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगाते हैं।

RHI Magnesita सभी लागू प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रण विनियमों का पालन करता है। हमने एक मजबूत पार्टनर ड्यू डिलिजेंस जाँच स्थापित की है, जो तृतीय पक्षों के ऑनबोर्डिंग और पूरे व्यावसायिक संबंधों के दौरान की जाती है।

हमारी जानकारी के अनुसार, हम केवल उन व्यापारिक भागीदारों के साथ संबंध बनाए रखते हैं जिनके धन के पास सम्मानित और कानूनी स्रोत हैं और जो धन-शोधन-रोधी नियमों का पालन करने के लिए किसी भी आपराधिक या आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन नहीं करते हैं।

# बाजार में दुरूपयोग और अंदर की जानकारी

हमारी प्रमुख नीति
आंतरिक जानकारी नीति

RHI Magnesita N.V. लंदन स्टॉक एक्सचेंज के प्रीमियम सेगमेंट में सूचीबद्ध कंपनी है, जो Vienna में भी अतिरिक्त रूप से सूचीबद्ध है। जिसके परिणास्वरूप RHI Magnesita N.V.] इसके कर्मचारी, और इसकी ओर से कार्य करने वाले अन्य व्यक्तियों पर विस्तृत विनियम लागू होते हैं ताकि बाजार के दुरूपयोग को रोका जा सके, वित्तीय बाजारों की अखंडता सुनिश्चित हो सके, और उन बाजारों में निवेशक की सुरक्षा और विश्वास को बेहतर बनाया जा सके।

आंतरिक जानकारी का मतलब है कोइ भी जानकारी:

- जो सटीक प्रकृति वाली हो
- जो सार्वजनिक नहीं की गइ हो
- जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, RHI Magnesita या इसकी प्रतिभूतियों (उदाहरण के लिए शेयर) से संबंधित हो और
- जो, यदि सार्वजनिक कर दी जाए, तो उसकी शेयरों के मूल्यों पर काफी ज्यादा प्रभाव पड़ने की संभावना है।

लेनदेन में सलंग्न होने और आंतरिक जानकारी को गैरकानूनी तरीके से प्रकट करने से, दूसरी बातों के साथ-साथ, आंतरिक जानकारी का दुरूपयोग होता है और सख्त प्रतिबंधित है। RHI Magnesita समूह से जुड़ी आंतरिक जानकारी और अन्य गैर-सार्वजनिक जानकारी को अत्यंत गोपनीय माना जाना चाहिए और उपयुक्त संगठनात्मक उपायों के माध्यम से उनकी सुरक्षा की जानी चाहिए। इस विषय पर अधिक विस्तृत जानकारी आंतरिक जानकारी नीति में प्रदान की गइ है जो समय-समय पर संशोधित होती है, और सभी कर्मचारियों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को उपलब्ध कराइ जाती है।

# डेटा सुरक्षा और गोपनीयता

हमारे प्रमुख दस्तावेज
वैश्विक डेटा सुरक्षा और निजता नीति

हमारी व्यवसायिक प्रक्रिया को सक्षम बनाने और संबंधित कर्तव्यों की पूर्ति के लिए, RHI Magnesita को न केवल व्यवसायिक डेटा बल्कि व्यक्तियों से संबंधित डेटा को भी संसाधित करने की जरूरत पड़ती है, विशेष रूप से हमारे कर्मचारियों के लेकिन उन व्यक्तियों के भी जो हमारे साथ काम करते हैं।

हम गोपनीयता के अधिकार और अन्य डेटा सुरक्षा सिद्धांतों का पालन करते हैं और व्यक्तिगत डेटा को कानून के अनुसार निष्पक्ष रूप से पारदर्शी तरीके से ओर केवल वैधानिक और सीमित उद्देश्यों के लिए संसाधित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम लागू गोपनीयता और डेटा सुरक्षा विनियमों, जैसे कि EU सामान्य डेटा सुरक्षा नियम (GDPR) का अनुपालन करते हैं। विशेष रूप से, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि व्यक्तिगत डेटा का एकत्रीकरण, संसाधन और उपयोग कानूनी रूप से अनुमत और परिचालनात्मक रूप से आवश्यक कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत और एसे डेटा के अनधिकृत प्रकटीकरण, उपयोग, या संशोधन से बचाने के लिए किया जाए।

सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे संबंधित सिद्धांतों का पालन करें तथा जानकारी और IT सिस्टम को विवेकपूर्ण रूप से और सावधानीपूर्वक उपयोग करें। लापरवाहीपूर्वक उपयोग से RHI Magnesita, हमारे कर्मचारियों, या तृतीय पक्षों को काफी क्षति हो सकती है।



# जानकारी की सुरक्षा

हमारे प्रमुख दस्तावेज
जानकारी सुरक्षा नीति और विशिष्ट जानकारी सुरक्षा विषयों पर दिशानिर्देश

जानकारी रोजमर्रा के परिचालनों में और प्रतिस्पर्धा में सफलता का अत्यावश्यक तत्व है। आधुनिक सूचना प्रणालियों का उपयोग और डिजिटलीकरण कार्यक्षम और पेशेवर कार्य को सक्षम बनाते हैं। हालांकि, उन में डेटा सुरक्षा और गोपनीयता का जोखिम भी है। व्यक्तिगत और व्यवसाय से संबंधित डेटा, गोपनीय ग्राहक डेटा समेत, की सुरक्षा RHI Magnesita के लिए काफी महत्वपूर्ण है। हमारी सूचना और संचार सिस्टमों की कार्यात्मकता और प्रामाणिकता सुनिश्चित करना हमारी 'शीर्ष प्राथमिकताएं हैं।

RHI Magnesita के साथ कार्य करने के संदर्भ में बनाया गया, संग्रहित किया गया, भेजा गया, या प्राप्त किया गया सभी डेटा और जानकारी RHI Magnesita की है और उसे निजी डेटा या संचार नहीं माना जाएगा। एसे सभी भौतिक और इलेक्टॉनिक डेटा और जानकारी को लेबल किया जाना चाहिए और उससे सूचना वर्गीकरण पर हमारे नियमों के अनुसार व्यवहार किया जाना चाहिए। यदि इसे अन्यथा स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं किया गया हो तो सभी जानकारी को केवल आंतरिक उपयोग के लिए माना जाता है और इसे तृतीय पक्षों को प्रकट नहीं किया जाना चाहिए। गोपनीयता का दायित्व RHI Magnesita की नौकरी समाप्त होने के बाद भी बना रहता है।

RHI Magnesita के व्यवसायिक भागीदारों, परामर्शदाताओं और पूर्व कर्मचारियों को इस संदर्भ में बाहरी व्यक्ति माना जाना चाहिए। उन्हें कोइ भी आंतरिक या गोपनीय जानकारी प्राप्त नहीं हो सकती है। यदि उन्हें एसी जानकारी की आवश्यकता RHI Magnesita की ओर से अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिए होती है तो एसी जानकारी उन्हें उपलब्ध करने के पहले लागू नीतियों और प्रक्रिओं के अनुसार औपचारिक प्रमाणीकरण ओर गोपनीयता अनुबंध प्राप्त किया जाना चाहिए।

# बौद्धिक संपदा

RHI Magnesita और उनके कर्मचारी बौद्धिक संपदा, व्यापारिक रहस्यों और कॉपीराइट का सम्मान और सुरक्षा करते हैं। हम एसी संपत्तियों का उपयोग, उपयोग की निर्दिष्ट शर्तों के तहत ही करते हैं और उनके लागू कानूनों और लाइसेंस शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने और हमारे अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए व्यवहार करते है। यह उस जानकारी पर भी लागू होता है जो ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यवसायिक भागीदारों द्वारा RHI Magnesita को दी गइ हो।

RHI Magnesita अपने कम्प्यूटर पर केवल एसे सॉफ़्टवेयर की अनुमति देता है जो आइटी विभाग द्वारा स्वीकृत हो और जिसे RHI Magnesita के वाणिज्यिक उपयोग के लिए उचित रूप से लाइसेंसीकृत किया गया हो। हम स्वीकृत क्षेत्र के बाहर सॉफ़्टवेयर या अन्य कॉपीराइट सामग्री की प्रतिलिपि बनाने, डाउनलोड करने या उसका वितरण करने को सहन नहीं करते हैं। तथाकथित "फ्रीवेयर" या "शेयरवेयर", यानि एसे प्रोग्राम ओर फाइलें जो इंटरनेटर पर निःशुल्क उपलब्ध होते हैं, के उपयोग की सामान्यतः अनुमति नहीं है।

अधिकांश सूचनाएं जैसे पुस्तकें, मैगजीन, वेबसाइट, संगीत या वीडियो रिकॉर्डिंग इत्यादि जो कॉपीराइट द्वारा सुरक्षित भी हो, अनधिकृत उपयोग से सुरक्षित होती है। जब तक कॉपीराइट स्वामी द्वारा स्पष्ट रूप से अनुमति नहीं दी जाए तक तक सभी पुनरूत्पादन, वितरण या इलेक्ट्रॉनिक भंडारण प्रतिबंधित है।

# RHI Magnesita संसाधन

RHI Magnesita और उसके संसाधनों को आंतरिक और बाहरी खतरों जैसे चोरी और धोखाधड़ी से बचाने का और वित्तीय विवरणों और अन्य रिपोर्ट में सही और निष्पक्ष प्रदर्शन सुनिश्चित करने का दायित्व हमारे सभी प्रबंधकों, कर्मचारियों और अनुबंधित कर्मचारियोंका है।

RHI Magnesita के संसाधनों का उपयोग व्यवसाय से संबंधित कार्यों के लिए निर्दिष्ट है। RHI Magnesita द्वारा प्रदान किए जाने वाले सभी टूल और अन्य संसाधनों का उपयोग ध्यानपूर्वक संरक्षित रूप से और लागत बचत के तरीके से किया जाएगा।

RHI Magnesita यह स्वीकार करता है कि कर्मचारी कभी कभी RHI Magnesita के उपकरण या संचार डिवाइसेस का उपयोग निजी उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं। यह आमतौर पर सहन किया जाता है बशर्ते कि इनका उपयोग अवधि में सीमित और कार्यक्षेत्र में सीमित हो, इससे कार्य प्रदर्शन पर या परिणाम पर काफी विपरीत रूप से प्रभावित नहीं हो, या केन्द्रीय संसाधनों पर काफी भार नही पड़े या RHI Magnesita की लागत में काफी वृद्धि हो और इससे RHI Magnesita की संगत नीतियों का उल्लंघन नहीं हो।

RHI Magnesita लागू कानूनों और मौजूदा श्रम अनुबंधों के अनुसार चालू और संचार उपकरणों के उपयोग को प्रतिबंधित करने और/या उनकी निगरानी करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है जिसमें कम्प्यूटर, सॉफ़्टवेयर, इ-मेल, इंटरनेट, इंस्टेंट मैसेजिंग, टेक्स्ट मैसेजिंग, वॉइस मेल, कॉनफ्रेंस उपकरण, मोबाइल फोन, ऑफिस की चीजों का उपयोग शामिल है।

# आंतरिक और बाहरी संचार

RHI Magnesita आंतरिक और बाहरी संचारों के सभी स्वरूपों में, प्रयुक्त स्वरूप और मीडिया पर ध्यान दिए बिना, इमानदारी और सम्मानजनक व्यवहार की अपेक्षा करता है। हम किसी भी प्रकार की अपमानजनक सामग्री, पक्षपातपूर्ण या परेशान करने वाला टेक्स्ट या चित्र, आयु, अक्षमता, नस्ली मूल, वैवाहिक स्थिति, राष्ट्रीय मूल, रंग, धर्म, लिंग या लैंगिक रूझान, नग्नता, आपराधिक, या आतंकी सामग्री, राजनीतिक आंदोलन, या अन्य किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री के अपमानजनक संदर्भों को सहन नहीं करते हैं। यह व्यक्तिगत सहभागिता, लिखित या इलेक्ट्रॉनिक संचार और साथ ही इंटरनेट प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के सभी स्वरूपों पर लागू होता है। RHI Magnesita के स्वामित्व वाले उपकरण या संचार लाइनों के माध्यम से उपरोक्त सूचीबद्ध सामग्री वाले इंटरनेट पेज तक पहुँचना भी निषिद्ध है।

RHI Magnesita का बाहरी प्रस्तुतिकरण इसके शासी निकायों और अधिकृत प्रकार्यों, बोर्ड, कार्यकारी प्रबन्धन टीम, क्षेत्रीय अध्यक्षों, कॉरपोरेट संचार और निवेशकर्ता संबंधों तक ही आरक्षित है। पेशेवर लेखों और लेक्चरों का प्रकाशन आमतौर पर स्वीकृत होता है लेकिन उनके बारे में पहले से और हमारे आंतरिक दिशानिर्देशों और प्रक्रियाओं के अनुसार रिपोर्ट करना होगा ताकि यदि वे RHI Magnesita में रोजगार से संबंधित हों तो किसी भी संभावित हितों के टकराव से बचा जा सके। हमारे कर्मचारियों की सभी निजी गतिविधियाँ, जिसमें सोशल मीडिया पोस्टिंग्स शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है, RHI Magnesita की गतिविधियों से स्पष्ट रूप से पृथक होगी और उनसे RHI Magnesita की प्रतिष्ठा को क्षति नहीं पहुँचनी चाहिए।



# प्रयोजनीयता और क्रियान्वयन

यह आचार संहिता RHI Magnesita के विश्वभर के सभी कर्मचारियों, प्रबंधकों पर, उनके पदों या रोजगार के प्रकार पर ध्यान दिए बिना, लागू होती है। यह नैतिक व्यवहार के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों का सार प्रस्तुत करता है। सभी या केवल विशेष व्यावसायिक इकाइयां या भौगोलिक क्षेत्रों पर लागू होने वाले आगे के विवरण और विशिष्ट विनियम अलग-अलग नीतियों,, प्रक्रिया विवरणों या दिशानिर्देशों में शामिल किए गए हैं। एसे दस्तावेज़, इस आचार संहिता के साथ, एकीकृत और बाध्यकारी होंगे।

इस आचार संहिता या अन्य आंतरिक नीतियों के गैर-अनुपालन के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक या यहाँ तक कि कानूनी कार्यवाही भी हो सकती है। RHI Magnesita किसी भी गैर कानूनी व्यवहार को सहन नहीं करेगा और उल्लंघन के किसी प्रयास पर लागू श्रम कानूनों के अनुसार दंडित करेगा। इसके अतिरिक्त RHI Magnesita क्षतियों और क्षतिपूर्तियों के लिए दावा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

यद्यपि RHI Magnesita के भी कर्मचारियों के लिए इस आचार संहिता का अनुपालन करना आवश्यक है, अनुपालन की काफी जिम्मेदारी हमारे प्रबन्धन और कार्यकारी कर्मचारियों की है। अपने स्टॉफ और टीम सदस्यों के दैनिक परिचालनों में उन्हें मार्गदर्शन देना और उनका पर्यवेक्षण करना और रोल मॉडल के तौर पर कार्य करना उनका पहला और सबसे प्रमुख कर्तव्य है।

RHI Magnesita इस आचार संहिता में शामिल विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करता है ताकि कर्मचारी हमारी आंतरिक नीतियों, दिशानिर्देशों, और प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें।

इस आचार-संहिता को सही और एक-समान रूप से लागू करने व सुनिश्चित करने के लिए और वैश्विक रूप से RHI Magnesita में लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए Internal Audit, Risk & Compliance team आवधिक समीक्षाएँ करेंगे और सुधार की संभावनाओं की पहचान करेंगे।

हम अपने व्यावसायिक भागीदारों (ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, परामर्शदाताओं इत्यादि) से अपेक्षा करते हैं कि वे समान अनुपालन मानकों का पालन करेंगे।





# प्रश्न और सहायता

कुछ स्थितियों में हो सकता है कि यह स्पष्ट नहीं हो कि कोइ विशेष व्यवहार या कोइ कार्यवाही वैधानिक और/या नैतिक रूप से सही है या नहीं। कभी-कभी शर्तों और परिस्थितियों का विस्तृत स्पष्टीकरण आवश्यक होता है।

यदि इस आचार संहिता में बताए गए किसी भी नियम के बारे में आपके कोइ प्रश्न हैं, या यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि आपके (नियोजित) निर्णय, प्रक्रियाएं, या अन्य गतिविधियों इसका अनुपालन कर रहे हैं या नहीं तो अपने सुपरवाइज़र से परामर्श करें या Internal Audit, Risk & Compliance team से राय लें।





# रिपोर्ट और शिकायतें —
## RHI Magnesita Compliance Helpline

यदि आपको लागू कानूनों और विनियमों, इस आचार संहिताया अन्य नीतियों के किसी गंभीर उल्लंघन की जानकारी हो या उसका संदेह हो, तो घटना की रिपोर्ट करें — उसे नजरअंदाज न करें।
RHI Magnesita चिंताएँ व्यक्त करने के लिए अनेक चैनल प्रदान करता है, जो बाहरी भागीदारों के लिए भी खुले होते हैं।

एक सामान्य नियम, प्रश्नों, प्रस्तावों, समस्याओं, और असंतोषों का स्पष्टीकरण पहले अपने सुपरवाइज़र के साथ करना चाहिए। कुछ स्थितियों में, हो सकता है कि यह प्रभावी नहीं हो या आप अपनी चिंताओं को सीधे संबोधित करने में असहज महसूस करें। यदि आपको नैतिक दुर्व्यवहार का पता चलता है तो उसकी रिपोर्ट करने में संकोच न करें। RHI Magnesita के कर्मचारियों का दायित्व है कि वे गंभीर मामलों की रिपोर्ट करें।

RHI Magnesita Compliance Helpline आपको संदिग्ध दुर्व्यवहार के मामलों की रिपोर्ट करने और किसी भी स्थान पर किसी भी समय सलाह प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। इसे People Intouch B.V.. www.speakup.eu द्वारा संचालित किया जाता है जोकि एक स्वतंत्र और विशेषज्ञ सेवा प्रदाता है और यदि आप चाहें तो यह आपको पूरी तरह गुमनाम बने रहने की गारंटी देता है। आप टेलीफोन के द्वारा या इंटरनेट पर **https://rhimagnesita.speakup.report/RHIMagnesita** के अंतर्गत वेब पोर्टल के द्वारा Compliance Helpline तक आसानी से पहुँच सकते हैं। वैकल्पिक तौर पर, आप अपनी चिंताएँ इ-मेल के द्वारा **Compliance-Helpline@rhimagnesita.com** पर भेज सकते हैं, या यदि आपको व्यक्तिगत रूप से संपर्क करना पसंद है, तो बस सीधे Internal Audit, Risk & Compliance team से संपर्क करें, हमें आपकी सहायता करके खुशी होगी।

चिंता जाहिर करने या अपनी बात बोलने के लिए साहस की जरूरत पड़ सकती है, और कइ बार जो चीज आपको रोकती है वह है अपने सहकर्मियों और प्रबंधकों की प्रतिक्रिया का डर।
RHI Magnesita  एक एसी संस्कृति कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें हमारे कर्मचारी आचार संहिता या अन्य नीतियों के संभावित उल्लंघन के बारे में चिंताएँ जाहिर करने में सहज महसूस करें। RHI Magnesita सद्भाव में चिंता जाहिर करने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ उसके रोजगार पर विपरीत कार्रवाइ बर्दाश्त नहीं करेगा। कोइ भी कर्मचारी जो किसी दूसरे कर्मचारी द्वारा अनुपालन संबंधी चिंता जाहिर करने पर उसके खिलाफ बदले की कार्रवाइ करता है या बदले की कार्रवाइ में भागीदारी करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाइ की जाएगी, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी तक शामिल है।

किसी घटना की रिपोर्ट करते समय, संबंधित तथ्यों, साथ ही सभी प्रासंगिक परिस्थितियों का यथासंभव स्पष्टता और सटीकता से वर्णन करें। हमें जितनी अधिक जानकारी प्राप्त होगी उतनी ही तेजी से हम प्रतिक्रिया कर सकेंगे।  आपके द्वारा प्रदान की गइ सभी जानकारी को गोपनीय माना जाएगा और यह सम्यक मूल्यांकन के अधीन होगी। कृपया यह समझें कि हम पर्याप्त जानकारी के बिना रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया नहीं कर सकेंगे।

ध्यान रखें कि अन्य लोगों के विरूद्ध धूर्ततापूर्ण संदेश या गलत आरोप न केवल अनैतिक होते हैं बल्कि दंड योग्य भी हो सकते हैं और उनसे स्थायी क्षति हो सकती है। एसे व्यवहार की अनुमति नहीं है और इसे हमारी रिपोर्टिंग चैनलों का गंभीर दुरुपयोग माना जाता है।

चिंताएँ जाहिर करने साथ-साथ आंतरिक और बाहरी रिपोर्टिंग चैनलों के बारे में और अधिक जानकारी हमारी आंतरिक नीति में, साथ ही साथ RHI Magnesita वेबसाइट पर या इंटरनेट पर प्रदान की जाती हैं।

**Internal Audit, Risk & Compliance team**
Kranichberggasse 6, 1120 Vienna, Austria
compliance-helpline@rhimagnesita.com
+43 502 13-0

| स्थान | फोन नंबर | फोन निर्देश | संगठन कोड |
|---|---|---|---|
| अल्बानिया | 0035545301801 | नंबर: +355 4 530 1801 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| अल्जीरिया | 00213983299338 | नंबर: +213 983 29 93 38 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| अंगोला | 00244226425610 | नंबर: +244 226 425 610 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| एंगुइला | 18334222005 | निःशुल्क कॉल: 1833 422 2005 | 120914 |
| एंटिगुआ और बारबुडा | 18334222006 | निःशुल्क कॉल: 1833 422 2006 | 120914 |
| अर्जेंटीना | 00541120397280 | नंबर: +54 11 2039 7280 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| ऑस्ट्रेलिया | 0061282846262 | नंबर: +61 2 8284 6262 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| ऑस्ट्रिया | 0800909683 | निःशुल्क कॉल: 0800 909 683 | 120986 |
| बहामास | 18334222007 | निःशुल्क कॉल: 1833 422 2007 | 120914 |
| बहरीन | 0097316501936 | नंबर: +973 1650 1936 | 120975 |
| बांग्लादेश | 008809610998462 | निःशुल्क कॉल: +880 (0) 9610 998462 | 120975 |
| बारबाडोस | 0012466239631 | नंबर: +1 (246) 623 9631 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| बेलारूस | 882004910089 | निःशुल्क कॉल: 8 820 0491 0089 | 120986 |
| बेल्जियम | 080089326 | निःशुल्क कॉल: 0800 89 326 | 120986 |
| बेलीज | 18000130076 | निःशुल्क कॉल: 1800 0130 076 | 120914 |
| बेनिन | 0022920900380 | नंबर: +229 20 90 0380 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| बरमूडा | 18334222008 | निःशुल्क कॉल: 1833 422 2008 | 120914 |
| भूटान | 009752379003 | निःशुल्क कॉल: +975 2 379 003 | 120975 |
| बोलीविया | 800105122 | निःशुल्क कॉल: 800 105 122 | 120914 |
| बोस्निया और हर्जेगोविना | 0038770330093 | नंबर: +387 70 330 093 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| बोत्सवाना | 8007861103 | निःशुल्क कॉल: 800 786 1103 | 120975 |
| ब्राजील | 005540033316<br>00551147008838 | निःशुल्क कॉल: +5540033316<br>नंबर: +55 (11) 4700 8838 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120902 |
| ब्रुनेई | 8014657 | निःशुल्क कॉल: 801 4657 | 120941 |
| बुल्गारिया | 008002100645 | निःशुल्क कॉल: 800 210 0645 | 120986 |
| बुर्किना फासो | 0022625300982 | नंबर: +226 25 30 09 82 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| कंबोडिया | 1800209867 | निःशुल्क कॉल: 1800 209 867 | 120941 |
| कैमरून | 00237657103112 | निःशुल्क कॉल: +237 6 57 10 31 12 | 120975 |
| कनाडा | 0015143950496 | नंबर: +1 (514) 395 0496 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120930 |
| केमैन द्वीप | 0013457695580 | नंबर: +1 (345) 769 5580 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| चिली | 0056224835917 | नंबर: +56 22 483 5917 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| चीन | 108001523042 | निःशुल्क कॉल (चाइना टेलीकॉम के माध्यम से): 1080 0152 3042 | 120941 |

हालाँकि व्यापक रूप से उपलब्ध है, यह आपके टेलीफोन सेवा प्रदाता पर निर्भर कर सकता है कि फ्री फोन नंबर उपलब्ध हैं या नहीं। यदि आप उन तक नहीं पहुँच पाते हैं, तो कृपया पैसे लगने वाले नंबरों का उपयोग करें या उसके बदले वेब पोर्टल का उपयोग करें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया RHI Magnesita वेबसाइट या इंट्रानेट पर जाएँ।



| स्थान | फोन नंबर | फोन निर्देश | संगठन कोड |
|---|---|---|---|
| चीन | 108008522221 | निःशुल्क कॉल (चाइना यूनाइटेड नेटवर्क के माध्यम से): 1080 0852 2221 | 120941 |
| चीन | 4001201842 | देश भर में बिना किसी आपूर्तिकर्ता प्रतिबंध के नंबर: 400 120 1842<br>कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी. | 120941 |
| कोलंबिया | 00576012421247 | नंबर: +57 601 242 1247 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| कोस्टा रिका | 0050640360350 | नंबर: +506 4036 0350 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| कोट द'आईवोर | 002250566770918 | निःशुल्क कॉल: +225 05 66 77 0918 | 120975 |
| क्रोएशिया | 08007745 | निःशुल्क कॉल: 0800 7745 | 120986 |
| साइप्रस | 80091142 | निःशुल्क कॉल: 800 91142 | 120986 |
| चेकिया | 800050833 | निःशुल्क कॉल: 800 050 833 | 120986 |
| डेनमार्क | 004543310961 | नंबर: +45 43 31 09 61 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| डोमिनिका | 18334221998 | निःशुल्क कॉल: 1833 422 1998 | 120914 |
| डोमिनिकन गणराज्य | 0018299471996 | नंबर: +1 (829) 947 1996 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| इक्वाडोर | 1800001432 | निःशुल्क कॉल: 1800 001 432 | 120914 |
| मिस्र | 08000000083 | निःशुल्क कॉल: 0800 000 0083 | 120975 |
| एल साल्वाडोर | 0050322304752 | नंबर: +503 2230 4752 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| एस्टोनिया | 003726093008 | नंबर: +372 609 3008 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| इथियोपिया | 800861919 | निःशुल्क कॉल: 800 86 1919 | 120975 |
| फिजी | 008002650 | निःशुल्क कॉल: 008 002 650 | 120941 |
| फिनलैंड | 0800392912 | निःशुल्क कॉल: 0800 392 912 | 120986 |
| फ्रांस | 0805543753 | निःशुल्क कॉल: 080 554 3753 | 120986 |
| फ्रेंच गुयाना | 0800991448 | निःशुल्क कॉल: 0800 99 1448 | 120914 |
| फ्रेंच पोलिनेशिया | 0800914886 | निःशुल्क कॉल: 0800 91 4886 | 120914 |
| जॉर्जिया | 1800008013 | निःशुल्क कॉल: 1800 008 013 | 120986 |
| जर्मनी | 08001818952 | निःशुल्क कॉल: 0800 1818 952 | 120986 |
| घाना | 00233596993553 | नंबर: +233 59 699 3553 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| ग्रीस | 0080044145924 | निःशुल्क कॉल: 0080 0441 45924<br>यह नंबर मोबाइल से संपर्क करने के लिए उपलब्ध नहीं है। | 120986 |
| ग्रेनाडा | 0014732300333 | नंबर: +1 (473) 230 0333 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| गुआम | 18338096777 | निःशुल्क कॉल: 1833 809 6777 | 120914 |
| ग्वाटेमाला | 0050223028459 | नंबर: +502 2302 8459 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| होंडुरास | 80027916139 | निःशुल्क कॉल: 800 2791 6139 | 120914 |
| हांगकांग | 0085230194193 | नंबर: +852 3019 4193 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| हंगरी | 0680984589 | निःशुल्क कॉल: 06 809 845 89 | 120986 |
| आइसलैंड | 003544150349 | नंबर: +354 415 0349 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |

| स्थान | फोन नंबर | फोन निर्देश | संगठन कोड |
|---|---|---|---|
| भारत | 0008000503159 | निःशुल्क कॉल: 0008 0005 03159 | 120975 |
| इंडोनेशिया | 00622180630074 | नंबर: +62 21 8063 0074 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| आयरलैंड | 1800800636 | निःशुल्क कॉल: 1800 800 636 | 120986 |
| इज़राइल | 0097233741225 | नंबर: +972 3374 1225 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| इटली | 800147694 | निःशुल्क कॉल: 800 147 694 | 120986 |
| जमैका | 0018766779125 | नंबर: +1 (876) 677 9125 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| जापान | 0081366270734 | नंबर: +81 3 6627 0734 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| जॉर्डन | 080023801 | निःशुल्क कॉल: 0800 23801 No mobile access | 120975 |
| कज़ाख़स्तान | 87273574582 | नंबर: (+7) 8 72735 74582 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी; इस नंबर को मोबाइल द्वारा पहुंचा नहीं जा सकता है। | 120986 |
| केन्या | 00254207650957 | नंबर: +254 20 765 0957 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| कुवैत | 0096522055730 | निःशुल्क कॉल: +965 2205 5730 | 120975 |
| लातविया | 80005929 | निःशुल्क कॉल: 800 05929 | 120986 |
| लेबनान | 8338160193 | निःशुल्क कॉल: 833 816 0193 | 120975 |
| लिथुआनिया | 880030366 | निःशुल्क कॉल: 8800 30366 | 120986 |
| लग्ज़मबर्ग | 003523420808982 | नंबर: +352 342 080 8982 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| मलेशिया | 0060377243136 | नंबर: +60 3 7724 3136 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| माल्टा | 80065144 | निःशुल्क कॉल: 8006 5144 | 120986 |
| मार्टीनिक | 0800901651 | निःशुल्क कॉल: 0800 90 1651 | 120914 |
| मॉरीशस | 0023052970999 | नंबर: +230 5 297 0999 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| मेक्सिको | 00525547806198 | नंबर: +52 55 4780 6198 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120930 |
| मोल्दोवा गणराज्य | 080060016 | निःशुल्क कॉल: 080 060 016 | 120986 |
| मोरक्को | 00212530144108 | नंबर: +212 5 30 14 41 08 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| म्यांमार | 08008008062 | निःशुल्क कॉल: 0800 800 8062 | 120941 |
| नामीबिया | 00264833800103 | निःशुल्क कॉल: +264 83 380 0103 | 120975 |
| नेपाल | 18000010186 | निःशुल्क कॉल: 1800 001 0186 | 120975 |
| नीदरलैंड | 0031107007503 | नंबर: +31 10 700 75 03 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| न्यूज़ीलैंड | 006499135892 | नंबर: +64 9 913 5892 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| निकारागुआ | 0050575137610 | नंबर: +505 7513 7610 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| नाइजीरिया | 07080601221 | निःशुल्क कॉल: 070 8060 1221 | 120975 |
| उत्तर मैसिडोनिया | 0038925513216 | नंबर: +389 2551 3216 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| नॉर्वे | 004724140601 | नंबर: +47 24 14 06 01 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| ओमान | 80074161 | निःशुल्क कॉल: 8007 4161 | 120975 |
| पाकिस्तान | 0080090044437 | निःशुल्क कॉल: 0080 0900 44437 | 120975 |

| स्थान | फोन नंबर | फोन निर्देश | संगठन कोड |
|---|---|---|---|
| पनामा | 005073084480 | नंबर: +507 308 4480 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| पापुआ न्यू गिनी | 000861322 | निःशुल्क कॉल: 0008 61322 | 120941 |
| पराग्वे | 0098004410266 | निःशुल्क कॉल: 0098 0044 10266<br>यह नंबर मोबाइल से संपर्क करने के लिए उपलब्ध नहीं है। | 120914 |
| पेरू | 080074535 | निःशुल्क कॉल: 0800 74535 | 120914 |
| फिलीपींस | 180083948474 | निःशुल्क कॉल: 1800 8394 8474<br>यह केवल ग्लोब टेलीकॉम उपकरण से कनेक्ट किया जा सकता है। | 120941 |
| पोलैंड | 800012953 | निःशुल्क कॉल: 800012953 | 120986 |
| पुर्तगाल | 800831302 | निःशुल्क कॉल: 800 831 302 | 120986 |
| प्यूर्टो रिको | 0017872007305 | नंबर: +1 (787) 200 7305 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| कतर | 00800101094 | निःशुल्क कॉल: 00800 101 094 | 120975 |
| रीयूनियन | 1800916980 | निःशुल्क कॉल: 1800 916 980 | 120986 |
| रोमानिया | 0800400653 | निःशुल्क कॉल: 0800 400 653 | 120986 |
| रूसी संघ | 88001006994 | निःशुल्क कॉल: 8 (800) 100 69 94 | 120986 |
| सऊदी अरब | 8008501433 | निःशुल्क कॉल: 800 850 1433 | 120975 |
| सर्बिया | 0038110520043 | नंबर: +381 10 520 043 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| सेशेल्स | 800131 | निःशुल्क कॉल: 800 131 | 120975 |
| सिंगापुर | 006564037051 | नंबर: +65 6403 7051 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| स्लोवाकिया | 0800113418 | निःशुल्क कॉल: 0800 113 418 | 120986 |
| स्लोवेनिया | 080083115 | निःशुल्क कॉल: 0800 83115 | 120986 |
| दक्षिण अफ्रीका | 0027214277937 | नंबर: +27 (21) 427 7937 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| दक्षिण कोरिया | 0082237005146 | नंबर: +82 2 3700 5146 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| स्पेन | 0034900031156 | नंबर: +34 900 031 156 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120986 |
| श्रीलंका | 0094720910370 | नंबर: +94 (72) 091 0370 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| सूडान | 00249156559883 | निःशुल्क कॉल: +249 15 655 9883 | 120975 |
| सूरीनाम | 8338160919 | निःशुल्क कॉल: 833 816 0919 | 120914 |
| स्वीडन | 0201604703 | निःशुल्क कॉल: 020 160 4703 | 120986 |
| स्विट्ज़रलैंड | 0800005691 | निःशुल्क कॉल: 080 000 5691 | 120986 |
| ताइवान | 00886277438912 | नंबर: +886 2 7743 8912 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| तंज़ानिया संघ | 0800111020 | निःशुल्क कॉल: 0800 11 1020 | 120975 |
| थाईलैंड | 006628449693 | नंबर: +66 2 844 9693 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| त्रिनिदाद और टोबैगो | 0018682241869 | नंबर: +1 (868) 224 1869 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| ट्यूनीशिया | 0021631300338 | नंबर: +216 31 300 338 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| तुर्किये | 00800448828602 | निःशुल्क कॉल: 0080 04488 28602 | 120986 |

| स्थान | फोन नंबर | फोन निर्देश | संगठन कोड |
|---|---|---|---|
| तुर्क और कैकोस द्वीप | 18334621355 | निःशुल्क कॉल: 1833 462 1355 | 120914 |
| युगांडा | 00256414238162 | नंबर: +256 41 423 8162 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120975 |
| यूक्रेन | 0800801205 | निःशुल्क कॉल: 0800 801 205 | 120986 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 80004440408 | निःशुल्क कॉल: 800 0444 0408 | 120975 |
| यूनाइटेड किंगडम | 08000224118 | निःशुल्क कॉल: 080 0022 4118 | 120986 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 0016692887154 | नंबर: +1 (669) 288 7154 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120930 |
| उरुग्वे | 0004135985762 | निःशुल्क कॉल: 000 413 598 5762 | 120914 |
| वेनेज़ुएला | 00582123357722 | नंबर: +58 212 335 7722 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120914 |
| वियतनाम | 008419003271 | नंबर: +84 1900 3271 कॉल की लागत स्थानीय शुल्क के अनुसार होगी | 120941 |
| वर्जिन आइलैंड्स (ब्रिटिश) | 18334621356 | निःशुल्क कॉल: 1833 462 1356 | 120914 |
| वर्जिन आइलैंड्स (यू.एस.) | 18337246398 | निःशुल्क कॉल: 1833 724 6398 | 120914 |
| जिम्बाब्वे | 002638677422010 | निःशुल्क कॉल: +263 867 742 2010 | 120975 |






### प्रकाशन

RHI Magnesita N.V.
Headquarters
Kranichberggasse 6, 1120 Vienna, Austria
www.rhimagnesita.com
RHI Magnesita — 08/2024-HI



### कॉपीराइट सूचना

इस प्रकाशन में निहित पाठ, फोटो और ग्राफ़िक डिजाइन कॉपीराइट द्वारा सुरक्षित है। जब तक अन्यथा न कहा गया हो, उपयोग संबंधित अधिकार, विशेष रूप से पुनरुत्पादन, प्रसार, प्रदान और संपादित करने का अधिकार केवल RHI Magnesita का होता है। इस प्रकाशन के केवल व्यक्तिगत जानकारी उद्देश्यों के लिए उपयोग की अनुमति दी जाएगी। उससे बाहर का किसी भी प्रकार का उपयोग, विशेष रूप से पुनरुत्पादन, संपादन, अन्य उपयोग या कारोबारी उपयोग RHI Magnesita द्वारा स्पष्ट रूप से पूर्वलिखित मंजूरी के अधीन है।

**RHI Magnesita N.V.**

**Internal Audit, Risk & Compliance**

+43 502 13-0
compliance@rhimagnesita.com
Kranichberggasse 6, 1120 Vienna, Austria